तेरे दर पे आ गए हैं श्याम

तेरे दर पे आ गये हैं, हे श्याम अब सम्हालो,
कर जोड़ प्रार्थना है, चरणों से अब लगालो ॥

तुमसे बड़ा दयालु, जग में ना कोई दूजा....-2
तुमसे मिला ये जीवन, करते हैं तेरी पूजा,
सौंपी है तुमको नैया,पतवार अब उठालो ॥
तेरे दर पे आ गये हैं....

चर्चे तेरी दया के, हमने सुने हैं दाता....-2
तेरे सिवा दयालु, कुछ भी हमें ना भाता,
रहमत को अपनी बाबा,हम पर जरा लुटालो॥
तेरे दर पे आ गये हैं....

चौखट पे तेरी हमने,रखदी है अपनी अर्जी....-2
मानो ना मानो बाबा, आगे तुम्हारी मर्जी,
विश्वास है ये 'शिव' का,हमसे भी अब निभालो॥
तेरे दर पे आ गये हैं....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26105/title/tere-dar-pe-aa-gaye-hai-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |